वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सवाई सिंह सिसोदिया): (क) और (ख). दिल्ली स्थित सीमा शुल्क अधिकारियों ने, 1-12-1980 से 10-2-1981 तक की अवधि के दौरान शहर में जो छापे मारे और तलाशियां लीं, उनमें लगभग 18 लाख रुपये मूल्य का निषिद्ध माल पकड़ा।

इस संबंध में 11 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये थे। गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों के संबंध में कानून के अन्तर्गत समुचित कार्यवाही की जा रही है।

गन्ने तथा बांस का निर्यात

712. श्री निहाल सिंह : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गन्ने तथा बांस के निर्यात की अनुमति दे दी है ; और

(ख) यदि हां, तो इन वस्तुओं का विदेशों को निर्यात करने वाली फर्मों तथा संस्थाओं के नाम क्या हैं तथा उससे कितनी विदेशी मुद्रा आय हुई ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री खुरशीद आलम खां): (क) गन्ने के निर्यात की अनुमति नहीं है। बांस का निर्यात 31 मार्च, 1981 तक प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर सीमित मात्रा में करने की अनुमति है।

(ख) फर्मों के नाम, निर्यातित बांस की मात्रा तथा मूल्य और आयात करने वाले देशों के नाम नीचे दर्शाये गये हैं :

मात्रा मे0 टन में

मूल्य लाख रु0 में

फर्म का नाम	मात्रा	मूल्य	आयात करने वाले देश का नाम
1. मै0 युनाइटेड टिम्बर सप्लाइंग कं0, बम्बई . .	435	5.08	दुबई
2. मै0 हुसैनी ब्रदर्स, बम्बई .	270	10.25	—वही—
3. मै0 यूनिक ट्रेडर्स, बम्बई .	80	1.40	—वही—
4. मै0 तलवार इंटरनेशनल प्रा0 लि0, नई दिल्ली . .	43.864	2.25	कुवैत
5. मै0 एटलस एक्सपोर्ट, बम्बई	175	3.50	संयुक्त अरब अमीरात
6. मै0 कल्पतरु एक्सपोर्टस, बम्बई	4400	56.00	—वही—